राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयुपर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com; Phone: 0141-2706847(O)

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/Spl./2019/797 दिनांक: 22nd May 2019

प्रिय विद्यार्थियों,

आशा करता हूं कि आप सभी अपने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से फ्री हो गये होंगे तथा आगे कुछ और अच्छा करने की योजना बना रहे होंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा आपकी योग्यता तथा आपके जीवन की अगली राह तय करने में मद्द करती है। आप जीवन के उस मुकाम पर हैं जहां से एक सुदृढ़, सार्थक एवं उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। आप असीमित ऊर्जा के धनी है तथा असीम सम्भावनायें आपके सामने हैं। यद्यपि सही वक्त पर सही निर्णय कर पाना कभी–कभी कठिन होता है, परन्तु मुझे विश्वास है कि यह आपके लिए असम्भव नहीं है।

आपको लगभग् 2 माह का ग्रीष्मावकाश मिल रहा है। यह अवकाश आपको विश्राम के लिए नहीं बल्कि सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में संलग्न होने के लिये है। इस संबंध में मैं आपसे कुछ बातें साझा करना चाहता हूं–

- सबसे पहली एवं महत्वपूर्ण बात यह है कि आने वाले शैक्षणिक सत्र 2019–20 में सभी महाविद्यालयों में **नियमित कक्षायें 01 जुलाई 2019 से प्रारम्भ होंगी।** इन कक्षाओं के लिए विषयवार टॉपिक सहित समय–सारणी भी आपके महाविद्यालय ने तैयार कर दी है, जिसे आप महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर देख सकते हैं।
- जैसा कि आपको विदित है कि सत्र 2018–19 के राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी क्षमता विकास के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान की पुस्तक का निःशुल्क वितरण आरम्भ करवाया गया।
- सामान्य ज्ञान अभिवृद्धि के लिए ही **दिनांक 13 जुलाई 2019 को एक राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।** इस प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन.पत्र दिनांक 29 जून 2019 तक निर्धारित फॉर्म में भरकर आपके महाविद्यालय में जमा करवाना है। इस परीक्षा के आधार पर महाविद्यालय, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के नाम घोषित किये जायेंगे।
- इस प्रतियोगी परीक्षा में आगामी सत्र 2019–20 में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी भी भाग ले सकेंगे। उन्हें भी इस परीक्षा हेतु प्रवेश आवेदन–पत्र दिनांक 29 जून 2019 तक अपने महाविद्यालय में जमा करवाना होगा।
- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (IAS, RAS, SSC, Bank, REET, Police आदि) की निःशुल्क तैयारी हेतु विद्यार्थियों के लिए सभी राजकीय महाविद्यालयों में प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है, जिसमें लगभग 54,000 से अधिक युवा पंजीकृत हो चुके हैं। नये सत्र

में ये कक्षाएं 15 जुलाई 2019 से पुनः प्रारम्भ होने जा रही हैं। इन प्रतियोगी परीक्षा केन्द्रित कक्षाओं हेतु आवेदन–पत्र सभी राजकीय महाविद्यालयों में तथा कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान की वेबसाइट **hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/** पर भी उपलब्ध है।

- इस सत्र के ग्रीष्मावकाश में आप सभी को सकारात्मक गतिविधि के साथ जुड़ कर अपनी ऊर्जा और समय का सदुपयोग करने हेतु **समर कैम्प 2019 "कौशल उन्नयन"** आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 03–30 जून 2019 तक लगभग 15 कौशल प्रशिक्षण निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित करवाये जा रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों में क्रीड़ा एवं खेलकूद दक्षता हेतु विशेष प्रशिक्षणं भी सम्मिलित हैं। आप अपने महाविद्यालय से सम्पर्क कर इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लें।
- ग्रीष्मावकाश में ही आप अपने समय का रचनात्मक उपयोग कर सकते हैं, जिसमें आप अपने आसपास के क्षेत्र के विकास, समस्याओं के निदान, शिक्षा प्रसार एवं जन सेवा के साथ जुड़ कर एक ऐसी पहल करें जिससे युवा शक्ति की एक मिसाल कायम हो सके। मेरा सुझाव है कि इसके लिए आप अपने सहपाठी एवं अन्य युवा साथियों के साथ युवा विकास हेतु स्थानीय स्तर पर **"सारथी क्लब"** बनायें, जिसके माध्यम से आप निम्नलिखित गतिविधियां संचालित कर सकते हैं–
  - समूह मॉर्निंग वॉक/एक्सरसाईज
  - खेलकूद दक्षता हेतु गतिविधियां
  - प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सामूहिक अध्ययन एवं चर्चा
  - उद्यमिता एवं रोजगारपरक समूह गतिविधि
  - लर्निंग विद अर्निंग केन्द्रित गतिविधियां
  - कबाड़ से जुगाड़ केन्द्रित ऐसी गतिवधियां जिनसे अनुपयोगी सामान का पुर्नोपयोग
  - महाविद्यालय में बुक–बैंक हेतु पुस्तक संग्रहण
  - जन सहायता एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान का सारथी क्लब द्वारा अध्ययन और उसकी रिपोर्ट।
- आपको अपने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर सुझाव देना चाहता हूं कि इस अवकाश समय में आप एक अच्छी प्रेक्टिस ये करें कि आप स्वयं को मोबाईल एवं टेलीविजन के साथ समय का अपव्यय नहीं करें और उस समय को रचनात्मक कार्यों की ओर लगायें। आपको कुछ रचनात्मक कार्यों के भी सुझाव इस पत्र के माध्यम से प्रेषित कर रहा हूं–
  - प्रधान/पैतृक व्यवसाय खेतीबाड़ी में उन्नत उत्पादन हेतु नवाचार तथा क्षमता, सामर्थ्य एवं ऊर्जानुरूप सहयोग
  - पौधारोपण
  - गर्मियों में पेयजल सेवा
  - अपने आसपास के छोटे बच्चों को पढ़ाना
  - प्रौढ़ शिक्षा प्रसार
  - स्कूल शिक्षा में नामांकन अभिवृद्धि हेतु प्रोत्साहन
  - आसपास के वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत एवं मनोरंजन

अंत में आपको उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुये यह कहना चाहता हूं कि इस ग्रीष्मावकाश में आप द्वारा व्यक्तिशः अथवा आपके सारथी क्लब के माध्यम से किये गये श्रेष्ठ कार्य, जिसको करने से आपको संतुष्टि और सुख मिला हो, को आप हमारे साथ साझा करें। आप हमें अपने श्रेष्ठ अनुभव अथवा सुझाव आदि को आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को सम्बोधित करते हुए निम्न पते पर लिखित में भेजना अथवा ई–मेल करना ना भूलें।

प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ,
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
ब्लॉक नं. 4, राधाकृष्ण शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर– 302015
ई–मेल – **innovation.cce.raj@gmail.com**

इस संबंध में किसी प्रकार के मार्ग दर्शन हेतु आप डा. विनोद कुमार भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ से उनके मोबाइल नम्बर 9414304650 पर कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा; एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
पत्रांकः CCE/P&C/ISDC/Spl./2019/798-99; दिनांकः 22nd May 2019

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च, शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जपयुर।
4. संयुक्त निदेशक, HRD//PI/RUSA/Acad./P&C/RVRES आकाशि, जयपुर।
5. सभी प्राचार्यो को प्रति भेजकर लेख है कि इसे विद्यार्थियों की सूचनार्थ नोटिस बोर्ड पर लगवायें तथा स्थानीय समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित करवाकर प्रसारित करवाया जाना सुनिश्चित करें।
6. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कालेज शिक्षा अजमेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर को इस कार्य की मॉनिटरिंग हेतु।
7. प्रभारी अधिकारी, कालेज समूह, आकाशि, जयपुर को निर्देशानुसार प्रति भेजकर लेख है कि अपने संबंधित महाविद्यालयों से सम्पर्क कर इस पत्र को विद्यार्थियों की सूचनार्थ प्रसारित करावें।
8. वैबसाइट प्रभारी को अपलोड/ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

22/5/19
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ,